अयोध्या में 200 करोड़ रुपये से किया जाएगा पर्यटन विकास

अक्षय कुमार

पर्यटन विभाग ने भेजा नया बजट प्रस्ताव, पर्यटन योजनाओं को देंगे गति

देवीपाटन व शुकतीर्थ विकास परिषद के लिए भी भेजा गया प्रस्ताव

लखनऊ। प्रदेश सरकार के नए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में भी अयोध्या के मूलभूत विकास पर फोकस किया जाएगा। इसके तहत पर्यटन विभाग की ओर से अयोध्या के लिए 200 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया है। इससे अयोध्या में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा, ताकि आने वाले पर्यटक यहां से बेहतर अनुभव लेकर जाएं।

प्रस्ताव के अनुसार 200 करोड़ से पर्यटकों के लिए ईको टूरिज्म, लाइट एंड साउंड, पार्क, कुंड, मंदिरों के विकास, बैठने के लिए बेंच, साफ पानी, पार्किंग की सुविधा, शौचालय आदि का काम कराया जाएगा। विभाग बजट आवंटन के बाद विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेगा। पर्यटन विभाग ने अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के लिए भी तीन करोड़ का बजट प्रस्ताव भेजा है। अयोध्या में हुई योगी कैबिनेट की बैठक में अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के गठन का प्रस्ताव पास किया गया था। इस राशि से भी यहां पर पर्यटन विकास व अवस्थापना से जुड़े काम, पर्व, त्योहार, यहां की व्यवस्थाओं को और बेहतर ढंग से कराया जाएंगा।

पर्यटन विभाग के निदेशक प्रखर मिश्रा ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं/ पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हो रही है। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं/ पर्यटकों को किसी तरह की दिक्कत न हो, हर सुविधाएं उन्हें उपलब्ध कराई जाएंगी। बताया कि देवीपाटन व शुकतीर्थ विकास परिषद के लिए भी तीन-तीन करोड़ का नया बजट प्रस्ताव भेजा गया है।

नैमिषारण्य के लिए 100 करोड़ का बजट प्रस्ताव

पर्यटन विभाग ने सीतापुर स्थित नैमिषारण्य में भी पर्यटन विकास के लिए 100 करोड़ का नया बजट प्रस्ताव भेजा है। इससे यहां भी श्रद्धालुओं/ पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं व कुंड-मंदिरों के सुंदरीकरण आदि योजनाओं को गति देने में आसानी होगी। विभाग की योजना है कि अयोध्या आने वाले लोगों को भ्रमण के लिए भी नैमिषारण्य लाया जाए।

■ **देव दीपावली को देंगे और भव्य रूप :** पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्रा ने बताया कि वाराणसी में देव दीपावली पर बड़ा आयोजन होता है। अभी हम वहां पर अन्य मद से काम कराते हैं। इस बार इसके लिए 10 करोड़ का नया बजट प्रावधान भेजा गया है। इससे देव दीपावली को और भव्यता दी जाएगी। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के लिए 10 करोड़ का नया प्रस्ताव भेजा गया है, आगे इसे और विस्तार देने की योजना है।